एक नजर में

ढाबे पर खड़ी बाइक चोरी, चोर सीसीटीवी में कैद

सनावद,निप्र। ओम्कारेश्वर मार्ग स्थित रेड चिल्ली ढाबे पर सोमवार देर शाम सरेराह एक मोटरसाइकिल चोरी की घटना ने लोगों में रोष पैदा कर दिया है। चोरी हुई मोटरसाइकिल का पंजीयन क्रमांक MP-10-MX-8595 है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार रात करीब 7 :50 बजे ढाबे पर खाना खाने आए एक व्यक्ति ने अपनी बाइक खड़ी की थी। कुछ देर बाद जब वह वापस आए तो बाइक गायब थी। ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की पूरी घटना कैद हो गई है। फुटेज में एक युवक बाइक स्टार्ट करके आराम से ले जाता दिख रहा है। प्रारंभिक जांच में चोर के भोगावां पुनर्वास की तरफ का होने की बात सामने आ रही है। बाइक मालिक ने तुरंत सनावद थाने में शिकायत दर्ज कराई है तथा चोर की फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल की जा रही है। बाइक मालिक ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति इस मोटरसाइकिल को कहीं देखे या चोर के बारे में कोई जानकारी रखता हो तो पुलिस थाने मेँ सुचना देवे

एस आई आर कार्य समय से पूर्व करने वाले बीएलओ का सम्मान किया

कसरावद, निप्र। निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 184 कसरावद के सभी 253 मतदान केंद्रों के बीएलओ साहिबान के द्वारा मतदाताओं के घर-घर वितरण किए गए गणना फॉर्म को मतदाताओं से त्रुटि रहित भरे हुए गणना फॉर्म 04/12/2025 तक डिजीटाइजेशन का कार्य करना था। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 184 कसरावद के 30 बीएलओ साहिबान के द्वारा कड़ी मेहनत कर मतदाताओं से भरे हुए गणना फॉर्म प्राप्त किए उन्हें दिनांक 27/ 11/2025 तक शत प्रतिशत डिजिटाइज का कार्य समयावधि के 8 दिन पूर्व ही बीएलओ साहिबान के द्वारा कार्य पूर्ण कर लिया गया। ऐसे सभी 30 बीएलओ साहिबान को श्री सत्येंद्र बेरवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा 184 कसरावद द्वारा सम्मानित किया गया सभी बीएलओ साहिबान को निर्देश दिए गए कि आपका अनुभव अनुसार अपने मतदान केंद्र के पास के भी बीएलओ साहिबान का सहयोग करें उक्त कार्यक्रम में श्री कैलाश डामर तहसीलदार, श्री मुकेश मचार ए आर ओ, सुश्री स्नेहलता चौहान नयाब तहसीलदार निर्वाचन शाखा प्रभारी विजय कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

संवैधानिक मूल्यों के प्रति पैरामाउंट एकेडमी के छात्रों ने लिया जागरूकता का संकल्प

कसरावद, निप्र। श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित स्थानीय सीबीएसई विद्यालय पैरामाउंट एकेडमी में बुधवार, 26 नवम्बर को संविधान दिवस बड़ी श्रद्धा, उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ भारत माता और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के पूजन से हुआ, जिसके माध्यम से उपस्थित लोगों ने भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिगम्बर जी बागड़े, शरद जी डिंडोरकर, जगदीश जी भावसार, उज्ज्वला जी डिंडोरकर, विवेक जी निगम एवं लक्ष्मण जी पाटीदार ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया, जिससे समारोह का औपचारिक प्रारंभ और अधिक प्रभावी बना। समारोह का प्रमुख आकर्षण बालवाटिका के नन्हे विद्यार्थियों का स्वतंत्रता सेनानी की वेशभूषा में प्रस्तुत होना रहा। गांधी जी, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, नेताजी सुभाषचंद्र बोस सहित कई महापुरुषों का रूप धारण किए बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अखिलेश पाटीदार ने पूरे कार्यक्रम का संजीदगी और कुशलता के साथ संचालन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान दिवस के ऐतिहासिक महत्व और इसके उद्देश्यों से अवगत कराया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में संविधान की मूल भावना, नागरिक कर्तव्यों, मौलिक अधिकारों तथा लोकतांत्रिक आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को जागरूक, उत्तरदायी और राष्ट्रहित में कार्य करने वाला आदर्श नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कुमारी हर्षिता कर्मा ने शिक्षिका मोहिनी मालवीया के मार्गदर्शन में संवैधानिक मूल्यों पर मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित जनों को संविधान के सम्मान और पालन की प्रेरणा दी। समापन राष्ट्र गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर शिक्षक श्री अमर सिंह जी ने अतिथियों, छात्र-छात्राओं एवं संपूर्ण स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को संविधान की भावना—न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व—को जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम ने विद्यालय में जागरूकता और राष्ट्रभावना के वातावरण को और सशक्त किया।

हार्टिकल्चर क्लस्टर विकास कार्यक्रम अंतर्गत पात्र संस्थाओं से प्रविष्टियां आमंत्रित

खरगोन। भारत सरकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय बागवनी बोर्ड द्वारा 'बागवानी क्लस्टर विकास कार्यक्रम (समूह विकास कार्यक्रम) संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य बागवानी उत्पादों के उत्पादन, गुणवत्ता, मूल्य संवर्धन एवं विपणन को प्रोत्साहित कर कृषकों की आय में वृद्धि करना है। इसके अंतर्गत मल्टी, कमोडिटी, हाई-वेल्यू क्लस्टर एवं पैरी अर्बन क्लस्टर की पहचान एवं विकास किए जाने का प्रावधान किया गया है। योजनान्तर्गत मुख्य उद्यानिकी फसलों जैसे मिर्च, टमाटर, केला, पपीता, अमरूद, नींबू एवं भिंडी, कटटूवर्गीय फसलें आदि को चयनित किया गया है। उप संचालक उद्यान श्री केके गिरवाल ने बताया कि योजना अंतर्गत क्लस्टर निर्माण की कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए पात्र उत्पादक संगठनों (एफपीओ/एफपीसी) के साथ उनके संघ, सहकारी समितियां, पार्टरशिप फर्म, संगठन आदि संस्थाएं पात्र होंगी। जिनके फार्म गेट का मूल्य 100 करोड़ रुपये तक होना चाहिए तथा आवेदक को परियोजना लागत का 20 प्रतिशत अंश स्वयं वहन करने का प्रावधान है। अधिक जानकारी के लिए राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की वेबसाइट httpÑ//nhb.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है।

घुघरियाखेडी के समीप अज्ञात व्यक्ति रोड किनारे घायल मिला 108की मदद से भेजा अस्पताल

गोगावा,निप्र। गुरुवार दोपहर गोगावा पुलिस से जानकारी मिली की घुघरियाखेड़ी ओर सिबार के बीच कोई अज्ञात व्यक्ति बाइक सहित सड़क किनारे अचेत अवस्था में घायल पड़ा हुआ था उसी दौरान उधर से आ रही 108 वाहन के चालक को उक्त व्यक्ति रोड किनारे घायल अवस्था में पड़ा हुआ दिखा जिसे तुरंत 108 वाहन से ही चालक गोगावा अस्पताल लेकर पहुंचा इस दौरान 108 के चालक ने पुलिस को भी सूचना देकर अस्पताल बुलाया गया जहा से डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे खरगोन रेफर किया गया पुलिस ने घायल अज्ञात व्यक्ति के पास से एक मोबाइल व नगदी 20480 रुपए बरामद कर थाने पर जमा किए है। थाना प्रभारी मंशाराम रोमडे ने बताया कि उक्त अज्ञात घायल व्यक्ति की पहचान की जा रही है जो कहा का है।

119 वां शीतलामाता एवं पीरानपीर मेले का शुभारंभ

विधायक सचिन बिरला, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता बिरला ने किया पूजन एवं शुभारंभ

संजय पाटीदार

सनावद, निप्र। नगर पालिका परिषद सनावद के तत्त्वावधान में आयोजित होने वाले पश्चिम निमाड़ के प्रसिद्ध पीरानपीर एवं शीतलामाता मेले (वर्ष 2025) का बुधवार को विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के विधायक सचिन बिरला, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता बिरला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला सहित नगर पालिका उपाध्यक्ष सचिनसिंह ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र मिश्रा, मेला अधिकारी श्री हरिराम सिंधिया एवं बड़ी संख्या में पार्षदगण एवं नागरिक उपस्थित रहे। 119वें वर्ष में प्रवेश कर रहे इस ऐतिहासिक मेले की शुरुआत 27 नवम्बर 2025 (गुरुवार) से होगी तथा यह 31 दिसम्बर 2025 (बुधवार) तक चलेगा। मेला संस्कृति, सद्भावना एवं राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।

मेले में सिनेमा, सर्कस, मौत का कुआँ, प्रदर्शनी, खेल-तमाशे, विभिन्न झूले एवं विशाल बाजार की दुकानें लगेंगी। दुकान लगाने के इच्छुक व्यापारी 25 नवम्बर 2025 तक आवेदन पत्र, आधार कार्ड एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो जमा कर आवंटन प्राप्त कर सकते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता बिरला एवं विधायक श्री सचिन बिरला ने सभी नागरिकों से सपरिवार मेला परिसर में पधारकर कार्यक्रमों का आनंद लेने एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का आव्हान किया है।

प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार हैं

27 नवम्बर 2025 (गुरुवार) — संध्या पूजा, माता चुनरी, गुलशन अम्मी चादर एवं नाग मंदिर पूजा (मेले का शुभारंभ)
02 दिसम्बर 2025 (मंगलवार) — शीतला माता दर्शन, पूजन एवं पाठ
13 दिसम्बर 2025 (शनिवार) — भव्य भागवती जागरण
18 दिसम्बर 2025 (गुरुवार) — रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम
20 दिसम्बर 2025 (शनिवार) — अखिल भारतीय कवि सम्मेलन
27 दिसम्बर 2025 (शनिवार) — महफिल-ए-फालतू वाली (हास्य कवि सम्मेलन)
31 दिसम्बर 2025 (बुधवार) — नववर्ष पर भव्य आतिशबाजी एवं समापन समारोह

रेखा नारमदेव का मरणोपरांत किया देहदान प्रशासन ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर दी श्रद्धांजलि

खरगोन। शहर के सरस्वती नगर निवासी सेवानिवृत्त व्याख्याता अजय नारमदेव की धर्मपत्नी रेखा नारमदेव को मरणोपरांत देहदान के लिए राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। गुरुवार को पुलिस टुकड़ी ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। 58 वर्षीय श्रीमती नारमदेव का गुरुवार तड़के हृदयाघात से निधन हो गया था। उन्होंने अपनी मृत्यू से पहले अंगदान का संकल्प पत्र भरा था। जिसके बाद परिजनों ने सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर उनकी पार्थिव देह चिकित्सा शिक्षा एवं शोध के लिए मेडिकल कॉलेज इंदौर को सौंप दी। श्रीमती नारमदेव के पति अजय नारमदेव ने बताया हम दोनों ने अपने अंगदान का संकल्प लिया है, आज पत्नी चली गई, उसकी इच्छा अनुसार उसकी देहदान कर दी, जिससे अन्य लोगों को नया जीवन मिल सके। इसमें दोनों बेटों ने भी सहमति जताई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्णय के बाद मरणोपरांत देहदान करने वालों को राजकीय सम्मान दिया जा रहा है, जिससे देहदान और अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

चोरी एवं मोबाइल झपटमार बदमाश गिरफ्तार

सनावद। चोरी एवं राह चलते मोबाइल पर झपटने के बाद पलक झपकते ही फरार होने में माहिर बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पुलिस ने करीब दो माह पहले सनावद अस्पताल के बाहर घुम रहे व्यक्ति का मोबाइल झपटकर फरार होने के मामले में आदतन आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से छिना हुआ मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल की गई, बाईक जब्त की है। फिलहाल आरोपी के साथी फरार है। पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी का अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर पूर्व में भी चोरी के मामले दर्ज पाए गए है। सनावद थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 19 सितंबर 2025 को कासम कॉलोनी सनावद निवासी ने पर सूचना दी थी कि 11 सितंबर को अस्पताल के सामने घुम रहा था, तब एक बाईक पर आए तीन युवकों ने हाथ से मोबाईल झपटता और पलक झपकते ही फरार हो गए। इसी तरह 18 अगस्त को नर्मदापुरम कॉलोनी निवासी ने भी 16 अगस्त को अपने सूने मकान में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उक्त घटनाओ में शामिल आरोपियों की तलाश के दौरान संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले गए व मुखबिरों को भी सक्रिय किया। परिणाम स्वरुप संदिग्ध राजू उर्फ राजकुमार निवासी कालमुखी थाना धनगांव जिला खंडवा को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ करने पर उसने उक्त वारदातों को अपने साथी श्याम व मनीष के साथ मिलकर कारित करना स्वीकार किया।

भारतीय संविधान दिवस मनाया

मण्डलेश्वर, निप्र। श्रीकँवरतारा महाविद्यालय मण्डलेश्वर में भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत भारतीय संविधान दिवस का आयोजन संस्था प्रमुख डॉ. पल्लवी आचार्य के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पल्लवी आचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह दिन भारतीय इतिहास और लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक महत्व रखता है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को निहित मूल्यों, सिद्धांतों और मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। यह संविधान भारत की अनेकता को एकता में जोड़ने वाला संविधान है । साथ ही डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान निर्माण में केन्द्रीय भूमिका एवं योगदान कि जानकारी दी गई द्य इस आयोजन में अजिम प्रेमजी फाउण्डेशन से पधारे सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों से भारतीय संविधान के महत्व और उपयोगिता के विषय पर चर्चा कि गई साथ ही संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया । कार्यक्रम में पोस्टर प्रदर्शनी, विडियो ,कहानी एवं प्रश्नोत्तरी के माध्यम से गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी एवं स्टॉफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहा. प्राध्यापिका आरती कर्मा के द्वारा किया गया एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी श्री पीयूष जोशी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

पुर्नवास स्थल चिचली में विस्थापितों के दस्तावेज प्राप्त करने लगाया शिविर

खरगोन। सरदार सरोवर परियोजना से डूब प्रभावित व्यक्तियों को दिए गए पट्टों की रजिस्ट्री के लिए कसरावद और मंडलेश्वर के पुनर्वास स्थलों में विस्थापितों के दस्तावेज प्राप्त करने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में 27 नवंबर को कसरावद अनुभाग के ग्राम चिचली में शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में विस्थापित ग्रामीणों से आवेदन पत्र, घोषणा पत्र, आवंटन पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड/फार्म-80, उत्तराधिकारी प्रमाणपत्र एवं पट्टा धारक की मृत्यु की दशा में तहसीलदार द्वारा जारी प्रमाणपत्र आदि प्राप्त किये गए। 28 नवंबर को भी चिचली में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार कसरावद अनुभाग के ग्राम खलबुजुर्ग में 29 व 30 नवंबर को, बलखड़ में 01 व 02 दिसंबर को, जालपुर में 03 व 04 दिसंबर को एंव ग्राम सायता में 05 व 06 दिसंबर को शिविर आयोजित किये जाएंगे।

गौवंश परिवहन में लिप्त पिकअप की जब्त, 5 गौवंशों को कराया मुक्त

खरगोन। अवैध रुप से गौवंश परिवहन में लिप्त पिकअप वाहन को पुलिस ने जब्त करने के साथ ही उसमें क्रुरतापूर्वक भरे गए 5 गौवंश मुक्त कराए है। चैनपुर थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 26 नवंबर को को चौकी हेलापड़ावा पर मुखबिर की सूचना पर पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 10जी 3549 को ग्राम चिरिया की ओर से महाराष्ट्र तरफ जाते हुए चित्तोडगढ.-भुसावल हाईवे पर नाकाबंदी कर रोका गया। पुलिस को देख चालक ने पिकअप न रोकते हुए आगे निकाल ली, जिसका पीछा किया गया। पुलिस टीम को पीछे आता देख चालक पिकअप मौके पर छोड़ कर भाग गया। पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

एनटीपीसी खरगोन टाउनशिप को प्रतिष्ठित IGBC नेट ज़ीरो वेस्ट प्लेटिनम (संचालन) सम्मान प्राप्त

खरगोन। एनटीपीसी खरगोन सुपर थर्मल पावर स्टेशन की खड़गोन टाउनशिप के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है, क्योंकि टाउनशिप को जियो कन्वेंशन सेंटर, मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में IGBC Net Zero Waste Platinum (संचालन) रेटिंग से सम्मानित किया गया है। यह विशिष्ट सम्मान एनटीपीसी खरगोन की सतत विकास, कुशल कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह उपलब्धि टाउनशिप के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है, जो कचरे में कमी, रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने तथा अपने निवासियों एवं आसपास के समुदाय के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण के निर्माण की दिशा में किए जा रहे हैं। यह पुरस्कार श्री ब्रजेश कुमार, DGM (संचालन) द्वारा प्राप्त किया गया, जिन्होंने इस सतत उपलब्धि को संभव बनाने में खरगोन टीम के समर्पित प्रयासों को स्वीकार किया।

एक नजर में

गांवों में जाकर किसानों को समझाइश के साथ ही प्रशासनिक स्तर पर ली जा रहे बैठकें

हाईवे पर आंदोलन से पहले किसानों को मनाने में जुटा प्रशासन

नवभारत न्यूज

खरगोन। लंबित मांगों को लेकर एक दिसंबर को मुंबई-आगरा हाईवे पर किसान आंदोलन की चेतावनी के बाद जिला प्रशासन किसानों को मनाने में जुट गया है। एसडीएम वीरेंद्र कुमार कटारे और उप संचालक कृषि शिवसिंह राजपूत ने फोरलेन खलघाट में आंदोलन में शामिल होने वाले ग्राम छालपा, डोंगरगांव और अन्य निकटवर्ती ग्रामों के कृषकों के घर-घर जाकर चर्चा करने के साथ ही उन्हें समझाईश दी कि, मुआवजे राशि, ऋण मुक्ति जैसी मांगों पर निर्णय शासन स्तर पर लिया जाना है। इसके अलावा जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर पर किसान संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित कर उनकी मांगों, समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है। जिला कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक रविंद्र वर्मा की उपस्थिति में महासंघ और कृषक प्रतिनिधियों की बैठक भी गत दिवस आयोजित की गई थी।

जिले के सभी एसडीएम अधिकारियों ने महासंघ और कृषक प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठकों में जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है, कि ऋण माफी, मक्का के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य, भू-अर्जन मुआवजा राशि जैसे मुद्दे पर शासन स्तर पर निर्णय लिया जाएगा। जिला प्रशासन स्तर से मंडीयों में पेयजल, भोजन व्यवस्था, साफ.- सफाई एवं किसान दुर्घटना बीमा को दुरुस्त करने की कार्यवाही शुरू की गई है। गुरुवार को एसडीएम बड़वाह सत्यनारायण दर्रो ने एसडीओपी, थाना प्रभारी और नायब तहसीलदार की उपस्थिति में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की बैठक रखी। महासंघ के प्रतिनिधियों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य, ऋण मुक्ति और फोरलेन खलघाट के भूमि अधिग्रहण में अधिक मुआवजे की मांग पर चर्चा की।

बैठक में निमाड़-मालवा प्रांत मंत्री रामेश्वर गुर्जर, जिला संगठन मंत्री सिताराम ईंगलाए, तहसील अध्यक्ष बड़वाह मिलूराम शाह, तहसील अध्यक्ष सनावद धर्मेन्द्र गौड सहित क्षेत्र के अनेक कृषक और मंडी सचिव, भी उपस्थित थे। नुविभागीय स्तर की बैठक रखी।

ब्लॉकवार बैठकों में सुन रहे समस्या, शिकायतें:- विगत दिवसों में खरगोन मंडी में महासंघ और कृषक प्रतिनिधियों की अनेक बैठक आयोजित की जा चुकी हैं। भारतीय कपास निगम लिमिटेड द्वारा कृषकों से उनकी वास्तविक उत्पादित कपास के अनुसार अब खरीदी की जाएगी। एसडीएम मंडलेश्वर सुश्री पूर्वा मंडलोई ने करही मंडी में महासंघ प्रतिनिधियों और कृषकों के साथ बैठक ली।